समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# जय शाह का 'मेगा प्लान' ! क्रिकेट को वैश्विक स्तर पर पहुँचाने के मिशन पर निकले ICC चेयरमैन।

Publisher Published on 31 May 2025




## UEFA अध्यक्ष से मुलाकात, क्रिकेट को ओलंपिक्स तक ले जाने की तैयारी और नए नियमों के साथ जय शाह की वैश्विक रणनीति सामने आई।

**नई दिल्ली : ICC चेयरमैन जय शाह** क्रिकेट को वैश्विक मंच पर एक नई ऊंचाई तक पहुंचाने के मिशन पर निकल चुके हैं। UEFA चैंपियंस लीग 2024-25 के फाइनल से पहले उन्होंने UEFA अध्यक्ष अलेक्जांडर सेफरिन से मुलाकात कर एक बड़ा संदेश दिया है — क्रिकेट अब सीमित दायरे का खेल नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक मंच पर हर खेल प्रेमी तक पहुंचेगा।

जय शाह ने कहा, "म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधि बनना गौरव की बात है। खेल जगत की बड़ी हस्तियों से मिलना हमेशा प्रेरणादायक होता है।"

**क्रिकेट को ओलंपिक तक ले जाने की पहल**

जय शाह की अध्यक्षता में **ICC पहले ही 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक** में क्रिकेट की वापसी सुनिश्चित कर चुका है। हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस ओलंपिक में 6 टीमें भाग लेंगी, और क्रिकेट को एक वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम होगा।

**महिला क्रिकेट को मिल रहा बढ़ावा**

**जय शाह महिला क्रिकेट** को आगे बढ़ाने के लिए भी लगातार प्रयासरत हैं। **अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स** और **द्विपक्षीय श्रृंखलाओं** के आयोजन में तेजी आई है और महिला खिलाड़ियों को भी पुरुषों की तरह सुविधाएं और मंच दिए जा रहे हैं।

नए नियमों के साथ क्रिकेट में बदलाव

**ICC ने जय शाह की अध्यक्षता** में कुछ अहम नियमों में बदलाव किया है:

१. **ODI मे अंब 1-34 ओवर** तक दो गेंदों का इस्तेमाल होगा।

२. **35-50 ओवर** के दौरान उन्हीं में से एक गेंद चुनी जाएगी।

३. यदि किसी पारी को **25 ओवर** या उससे कम कर दिया जाता है, तो एक ही गेंद का उपयोग होगा।

४. यह बदलाव खेल को **अधिक रोमांचक और संतुलित बनाने की दिशा** में लिया गया कदम माना जा रहा है।

### UEFA से गठजोड़ – खेलों का वैश्विक समन्वय

चैंपियंस लीग फाइनल से पहले **UEFA अध्यक्ष अलेक्जांडर सेफरिन** से **जय शाह** की मुलाकात यह दर्शाती है कि क्रिकेट अब फुटबॉल जैसे खेलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। यह मुलाकात क्रिकेट को **यूरोप** और **अमेरिका** जैसे क्षेत्रों में लोकप्रियता दिलाने की दिशा में एक रणनीतिक प्रयास है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.